हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले।

आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवा शक्ति को जोड़ने का अभियान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।देश के हर जिले में विश्व के खेल मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के तहत मेरा युवा भारत-माय भारत द्वारा देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हर जिले के दो-दो कॉलेजों के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को एक मंच पर

लाया गया। खेलो इंडिया संवाद के माध्यम से युवाओं को देश की खेल संबंधी योजनाओं से सीधे जुड़ने और अपने विचार रखने का अवसर मिला। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, अनुशासित और खेल प्रिय भारत के निर्माण तथा युवाओं की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

---

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेल राष्ट्रीय प्राथमिकता और युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत का खेल तंत्र अब केवल बुनियादी □ांचे और पदकों तक सीमित नहीं है।फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल जैसी पहल लोगों को फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।श्री मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम खेलों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ा रहा है तथा सभी खिलाड़ियों को समान अवसर देने में मदद करेगा।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदार बनाना है।

---

राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के उपलक्ष्य में करनाल में माय भारत केंद्र द्वारा ‘खेलो इंडिया संवाद – खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ’ कार्यक्रम दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री के संवाद के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्य आशिमा गक्खड़ ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास,

अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ किसी न किसी खेल गतिविधि से जरूर जुड़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ, फिट और ऊर्जावान युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

माय भारत की जिला संयोजक अंजलि चौधरी ने कहा कि 'खेलो इंडिया संवाद' का उद्देश्य देश के युवाओं की खेलों के प्रति रुचि को बढ़ाना और उन्हें प्रधानमंत्री के खेल एवं युवा विकास की परिकल्पना से जोड़ना है। कार्यक्रम में मौजूद युवा खिलाड़ियों ने कहा कि खेलों ने उनके जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित की है।

---

हरियाणा विधानसभा का मॉनसून सत्र आज शुरू हो गया। सत्र पहली सितंबर तक चलेगा। आज विधानसभा की कार्यवाही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ शुरू हुई। कांग्रेस विधायक इस दौरान सदन से बाहर रहे। राष्ट्रगीत के बाद नेता प्रतिपक्ष और अन्य विधायक काले कपड़े पहनकर सदन के अंदर पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। कांग्रेस विधायकों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाकर सदन में हंगामा किया। इसके बाद सत्र की कार्यवाही 20 मिनट स्थगित कर दी गई।

---

---